>

Title: Need to provide Special Economic package to flood affected farmers in Gopalganj, Bihar.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान बिहार के अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के प्रखंडों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। वहां बाढ़ के कारण काफी तबाही हुई है। अभी भी वहां सात प्रखंडों में पानी पूरी तरह भरा हुआ है। इसके कारण गन्ना और धान की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। सारे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। उनकी सारी पूंजी बर्बाद हो गई है। सभी किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। वहां अकाल की भयावह स्थिति बनती जा रही है। राज्य सरकार किसानों और बाढ़ पीड़ितों को सहायता करने में पूरी तरह विफल रही है। अतः मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि वहां की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, किसानों की विशेष आर्थिक मदद की जाए, जिससे उन्हें तबाही से कुछ राहत मिल सके।

महोदय, इस लोक महत्व के विषय पर बोलने के लिए आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।